आकाशवाणी शिमला

09.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे

नामांकन

प्रदेश में पहली जून को होने वाले 4 लोकसभा और 6 विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के तीसरे दिन आज 12 उम्मीदवारों ने अपने–अपने नामांकन दाखिल किए। मण्डी संसदीय क्षेत्र से आज कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह ने मण्डी में अपना नामांकन दाखिल किया। कांग्रेस की ओर से यहां सुंदर सिंह ठाकुर ने कवरिंग उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र भरा। कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के आनंद शर्मा ने धर्मशाला में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इसी संसदीय क्षेत्र से नारायण सिंह डोगरा ने हिमाचल जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में नामांकन भरा। शिमला संसदीय क्षेत्र से सुरेश कुमार ने राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के उम्मीदवार के रूप में अपना पर्चा दाखिल किया। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से हेमराज ने बीएसपी और रतन चंद कटोच ने इसी पार्टी के कवरिंग प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र भरा। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से ही गोपी चंद और गरीब दास कटोच ने निर्दलीय जबकि अरूण अंकेश स्याल ने एकम स्नातन भारत दल के प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। लाहौल स्पिति से विधानसभा उपचुनाव के लिए रवि ठाकुर ने भाजपा के उम्मीदवा के रूप में जबकि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से राजीव शर्मा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में आज अपने–अपने नामांकन पत्र दाखिल किए।

अनुराग ठाकुर

वरिष्ठ भाजपा नेता और सूचना व प्रसारण और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस अंग्रेजों द्वारा बनाई गई बांटो और राज करो की नीती पर चल रही है। अनुराग ठाकुर ने आज कुटलैहड़ के बंगाणा में पार्टी के पन्ना प्रमुख सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस को भ्रष्टाचार की जननी करार दिया और कहा कि उसने देश भर के भ्रष्टाचारियों को एकत्र करने का काम शुरू कर दिया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस को असली चेहरा जनता के सामने आ गया है। ऐसे में नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार जीत की हैट्रिक लगाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण के मतदान के बाद कांग्रेस की हताशा और निराशा साफ नजर आने लगी है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस को देश के भीतर से नहीं बल्कि पाकिस्तान से समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता जनता के बीच अपनी सरकार की एक भी उपलब्धि नहीं बता पा रहे हैं इससे कांग्रेस का ग्राफ लगातार गिरता जा रहा है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता आज बुरी तरह हताश और निराश हैं क्योंकि उन्हें पार्टी की झूठी गारंटियों से उत्पन्न जन आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है।

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश के 4 लोकसभा और विधानसभा के 6 उपचुनाव में मुकाबला छल–कपट और ईमानदारी के बीच है जिसमें ईमानदारी की जीत होगी। मुख्यमंत्री ने आज मण्डी के सेरी मंच पर पार्टी प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के समर्थन में आयोजित चुनावी रैली को सम्बोधित करते हुए कहा कि मण्डी लोकसभा क्षेत्र में मुकाबला एक युवा और अनुभवी उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह और भाजपा द्वारा चुनाव मैदान में उतारी गई फिल्म अदाकारा कंगना रणौत के बीच है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पूर्व भाजपा सरकार ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को अस्त–व्यस्त कर दिया था। उन्होंने कहा कि मौजूदा

कांग्रेस सरकार को विरासत में 70 हजार करोड़ रूपए से अधिक का ऋण और 10 हजार करोड़ रूपए से अधिक की देनदारियां मिलीं। इसके बावजूद उनकी सरकार ने न केवल कर्मचारियों को ओपीएस दी बल्कि अन्य वित्तीय लाभ भी जारी किए। रैली को सम्बोधित करते हुए उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार पूरी तरह स्थिर और मजबूत है। कांग्रेस के प्रदेश मामलों के प्रभारी राजीव शुक्ला ने पार्टी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर घर–घर जाकर वोट मांगने का आहवान किया।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि वर्तमान परिपेक्ष में भारतीय संस्कृति को मौजूदा परिस्थिति के अनुरूप समझने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत को विश्व की अग्रणी पंक्ति में लाने के लिए हमें अपनी गौरवशाली संस्कृति पर हमें गर्व करना होगा। राज्यपाल आज शिमला में भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान द्वारा महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती के मौके पर आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार के शुभारम्भ के मौके पर बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती एक युग प्रवर्तक महापुरूष थे जिन्होंने समग्र क्रांति का सूत्रपात कर वेदों की ओर लौट चलो का नारा दिया।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में हो रहे 6 विधानसभा उपचुनावों के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू जिम्मेवार है। जयराम ठाकुर ने आज केलंग में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अपना कुनबा सम्भाल नहीं पा रहे हैं और दोष भाजपा को दे रहे हैं।